**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 351**
**उत्तर देने की तारीख 24 जून, 2019**
**सोमवार, 03  षाढ़, 1941 (शक)**

**बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास**

**351. श्री मनोज कोटकः**

**क्या कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्‌वारा देश के शहरी क्षेत्रों विशेषकर मुंबई में बेरोजगार युवाओं के कौशल विकास हेतु वर्तमान में चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं से कितने लोग लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान कितने युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री  र. के. सिंह)**

(क) से (ग) कुशल भारत मिशन के अंतर्गत भारत सरकार कौशल विकास के लिए 20 से अधिक केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से लगभग 40 कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रही है। कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) अल्पावधि और दीर्घावधि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नियोजनीय कौशल प्रदान करने के लिए स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है। एमएसडीई द्‌वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2016-20 (पीएमकेवीवाई 2016-20) में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के संबद्‌ध प्रशिक्षण भागीदारों/प्रशिक्षण केंद्रो के माध्यम से युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान महाराष्ट्र सहित पीएमकेवीवाई 2016-20 के अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के अंतर्गत प्रशिक्षित और तैनात तथा और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) घटक के अंतर्गत आकलित किए गए उम्मीदवारों का ब्यौरा क्रमश: **अनुबंध-I** तथा **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

दीर्घावधि प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के माध्यम से प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से संबद्ध देश में 14495 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कार्यरत, जिन्होंने वित्त वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान क्रमश: 11.39 लाख, 12.17 लाख और 14.48 लाख छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया। 14495 आईटीआई में से 29 आईटीआई मुंबई में हैं (एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल के अनुसार) इसके अलावा एमएसडीई के अधीन प्रशिक्षण महानिदेशालय भी देश के विभिन्न शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और 18 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (महिला) (एनएसटीआई- डब्ल्यू) के नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक/ कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध करा रहा है। इनमें से 2 एनएसटीआई (एक एनएसटीआई और एक एनएसटीआई- डब्ल्यू) मुंबई में हैं। 2016-17 के दौरान एनएसटीआई द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों की संख्या 27410 और 2017-18 के दौरान 29345 है।

इसके अतिरिक्त आवास और शहरी कार्य मंत्रालय शहरी गरीब परिवारों की गरीबी और भेद्यता को कम करने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) कार्यक्रम चलाता है। मिशन के कौशल प्रशिक्षण और तैनाती (ईएसटी और पी) के माध्यम से रोजगार घटक का उद्देश्य शहरी गरीबों को कौशल प्रदान करना है ताकि संरचित और बाजार अभिमुख प्रमाणित पाठ्यक्रमों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हो सके, जो वेतन रोजगार और/या स्व-रोजगार अवसर उपलब्ध करा सके जिससे संधारणीय आधार पर बेहतर जीवन स्तर और शहरी गरीबी उन्मूलन होगा। इसके अंतर्गत 9,73,084 उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जिनमें से 7,79,437 कौशल प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है और 4,30,694 प्रमाणित उम्मीदवारों को वित्त वर्ष 2016-17 से 2018-19 (18.06.2019 तक) के दौरान तैनाती प्रदान की गई है। जिनमें से 1,45,983 कौशल प्रशिक्षित, 93,748 प्रमाणित और 38,333 तैनाती प्राप्त उम्मीदवार महाराष्ट्र राज्य के हैं।

**अनुबंध-I**

**'बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास' के बारे में श्री मनोज कोटक द्वारा दिनांक 24.06.2019 को पूछे गए लोकसभा अतारंकित प्रश्न संख्या 351 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमकेवीवाई 2.0 के अल्पावधि प्रशिक्षण घटक के अंतर्गत प्रशिक्षित और रोजगार दिए गए उम्मीदवारों का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | वित्त-वर्ष 2017-18 | | वित्त-वर्ष 2018-19 | | वित्त-वर्ष 2019-20 (12.06.2019 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित | तनात | प्रशिक्षित | तनात | प्रशिक्षित | तनात |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 50778 | 21409 | 27836 | 22504 | 7348 | 4165 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 434 | 0 | 3026 | 0 |
| 4 | असम | 27076 | 7444 | 17702 | 8414 | 7882 | 2014 |
| 5 | बिहार | 74440 | 15817 | 53235 | 34424 | 14990 | 5176 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1461 | 498 | 3461 | 1473 | 320 | 58 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 21744 | 3395 | 24799 | 9676 | 3737 | 2556 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 | 600 | 352 | 60 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 0 | 0 | 525 | 236 | 150 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 70133 | 17623 | 35098 | 28982 | 3644 | 868 |
| 11 | गोवा | 810 | 411 | 150 | 219 | 0 | 0 |
| 12 | गुजरात | 23266 | 7622 | 21600 | 10608 | 5088 | 2533 |
| 13 | हरियाणा | 152676 | 39339 | 51757 | 66470 | 9762 | 3757 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 10675 | 2443 | 13964 | 8002 | 2335 | 598 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 38686 | 12575 | 18358 | 16930 | 11820 | 1564 |
| 16 | झारखंड | 16698 | 4509 | 16900 | 8886 | 4618 | 1757 |
| 17 | कर्नाटक | 31611 | 5718 | 33295 | 17905 | 9102 | 3892 |
| 18 | केरल | 20695 | 4960 | 13669 | 6501 | 2680 | 1167 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 148742 | 39100 | 85350 | 66528 | 14502 | 8443 |
| **20** | महाराष्ट्र | 44204 | 10803 | 36613 | 18787 | 9489 | 3883 |
| 21 | मणिपुर | 1627 | 370 | 1638 | 379 | 1320 | 13 |
| 22 | मेघालय | 2472 | 859 | 1163 | 1061 | 2220 | 54 |
| 23 | मिजोरम | 0 | 0 | 70 | 55 | 1320 | 0 |
| 24 | नागालैंड | 1649 | 808 | 757 | 191 | 431 | 55 |
| 25 | ओडिशा | 47694 | 10647 | 24935 | 22518 | 11387 | 1984 |
| 26 | पुडुचेरी | 2452 | 1150 | 1070 | 751 | 675 | 83 |
| 27 | पंजाब | 84132 | 22615 | 43919 | 37460 | 6925 | 2480 |
| 28 | राजस्थान | 178150 | 48467 | 47707 | 55561 | 14540 | 3235 |
| 29 | सिक्किम | 525 | 79 | 387 | 0 | 1104 | 0 |
| 30 | तमिलनाडु | 93429 | 36793 | 42751 | 33723 | 9521 | 5025 |
| 31 | तेलंगाना | 73829 | 30613 | 27427 | 27532 | 10421 | 1848 |
| 32 | त्रिपुरा | 6232 | 1444 | 2065 | 2433 | 396 | 151 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 273637 | 70721 | 128789 | 103186 | 31144 | 11116 |
| 34 | उत्तराखंड | 22953 | 5357 | 16981 | 11898 | 4550 | 1590 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 71707 | 24690 | 47482 | 33455 | 13244 | 3844 |

**अनुबंध-II**

**'बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास' के बारे में श्री मनोज कोटक द्वारा दिनांक 24.06.2019 को पूछे गए लोकसभा अतारंकित प्रश्न संख्या 351 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमकेवीवाई 2.0 के पूर्व शिक्षण मान्यता घटक के अंतर्गत □ कलित किए गए उम्मीदवारों का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | वित्त-वर्ष 2016-17 | वित्त-वर्ष 2017-18 | वित्त-वर्ष 2018-19 | वित्त-वर्ष 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | □ कलित | □ कलित | □ कलित | □ कलित |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 0 | 0 | 0 | 21 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 6064 | 7716 | 10072 | 3610 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 946 | 2536 | 52 |
| 4 | असम | 3300 | 10258 | 13980 | 20342 |
| 5 | बिहार | 8580 | 17516 | 24892 | 21336 |
| 6 | चंडीगढ़ | 27 | 401 | 1180 | 1142 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 21 | 1020 | 4685 | 1597 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 98 | 871 | 64 |
| 9 | दमन और दीव | 0 | 139 | 525 | 78 |
| 10 | दिल्ली | 793 | 12618 | 33227 | 11892 |
| 11 | गोवा | 0 | 14 | 876 | 517 |
| 12 | गुजरात | 1711 | 8289 | 41978 | 21320 |
| 13 | हरियाणा | 1599 | 28656 | 39730 | 19737 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 73 | 4544 | 11674 | 3625 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 31 | 5549 | 6750 | 19797 |
| 16 | झारखंड | 1519 | 13125 | 15789 | 14133 |
| 17 | कर्नाटक | 708 | 38658 | 50775 | 19703 |
| 18 | केरल | 9563 | 35736 | 17929 | 3750 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2909 | 31571 | 35620 | 15026 |
| **20** | महाराष्ट्र | **1230** | **33204** | **72322** | **71569** |
| 21 | मणिपुर | 6835 | 4493 | 0 | 9 |
| 22 | मेघालय | 0 | 826 | 6396 | 635 |
| 23 | मिजोरम | 0 | 0 | 688 | 0 |
| 24 | नागालैंड | 0 | 0 | 123 | 0 |
| 25 | ओडिशा | 570 | 17562 | 42364 | 17018 |
| 26 | पुडुचेरी | 450 | 759 | 808 | 126 |
| 27 | पंजाब | 1583 | 17098 | 10397 | 5109 |
| 28 | राजस्थान | 4721 | 37654 | 63400 | 27791 |
| 29 | सिक्किम | 0 | 0 | 655 | 216 |
| 30 | तमिलनाडु | 26110 | 37020 | 34823 | 44185 |
| 31 | तेलंगाना | 413 | 14975 | 17127 | 10154 |
| 32 | त्रिपुरा | 0 | 5988 | 2241 | 392 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 14847 | 72743 | 104205 | 42494 |
| 34 | उत्तराखंड | 406 | 3311 | 12871 | 5183 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 4320 | 17120 | 20448 | 13094 |

*******